रामकथा ▶ अवधपुरी गौरीघाट में रामकथा सुनाते हुए रामभद्राचार्य ने की राम जनम के हेतू की व्याख्या

# जो सबमें रमे और सबको खुद में रमाए वो हैं श्रीराम

**नवभारत,जबलपुर।** मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम का जन्म सिर्फ विप्र-धेनु, सुर-संत हित के लिए नहीं है, उनका जन्म पूरे जगत के मंगल के लिए है। श्रीरामचरित मानस में गोस्वामी तुलसी दास जी ने राम सत्यसंध पालक श्रुति श्रेतु-राम जनमु जग मंगल हेतू चौपाई में इसकी व्याख्या भी की है। इस आशय के मंगल वचन पद्म विभूषण, रामानंदाचार्य जगद्गुरु रामभद्राचार्य मजाराज ने आयुर्वेद कॉलेज मैदान गौरीघाट स्थित अवधपुरी में नौ दिवसीय श्रीराम कथा के मंगलाचरण में कही। श्रीराम जनम के मांगल्य को अनेक उद्धरणों के माध्यम से बताते हुए महाराजश्री ने कहा कि जगत में सब कुछ मंगल हो, इस कारण रामजी का जन्म हुआ है। उन्होंने मानस चौपाई चिदानंद मय देह तुम्हारी के माध्यम से भगवान के प्रकट होने संबंधी दिव्यता का वर्णन करते हुए कहा कि भगवान में विकार नहीं होता। निज इच्छा निर्मित तनु में निर्मित का अर्थ उन्होंने प्रकटित बताते हुए कहा कि भगवान श्रीराम ने भक्तों की इच्छा से वसीभूत होकर अपने शरीर को प्रकट किया। वस्तुत: जगत में जितने लोग और जीव हैं, सभी का मंगल करने के



लिए राम का जन्म हो रहा है। उन्होंने कहा कि प्रभु श्रीराम माया, तीनों गुण और गो यानी इंद्रिया से परे हैं। उन्होंने कहा कि रावण ने जगत का मंगल जब समाप्त कर दिया। सब कुछ जगत में अमंगल हो रहा था, तब भगवान का जन्म हुआ।

## जगत की वासना खंडित करती हैं नर्मदा

मां नर्मदा की निर्मलता और श्रीराम की सुंदरता का वर्णन करते हुए उन्होंने कहा कि ये सारा संसार जानता है कि नर्मदा ऐसी महारानी नदी है कि किसी में मोहित नहीं होती। नर्मदा का अर्थ है नर्मादान। निर्मलता उनकी पहचान है। वस्तुत: जो जगत की वासना को खंडित कर दे उसे कहते हैं नर्मदा। समुद्र से भी इनका कोई संपर्क नहीं। पर रामजी इतने सुंदर हैं, कि इनको देख कर नर्मदाजी भी मोहित हो गई। नर्मदा ने कहा मेरे तट पर आपको कुटी बनानी ही पड़ेगी। उन्होंने कहा कि रामजी के चरित्र का जादू ही ऐसा है कि कोई कितना भी कोई दुष्ट हो, वो मोहित हो ही जाता है। उन्होंने कहा कि जो सबको खुद में रमाए और खुद सबमें रमें वो हैं श्रीराम।

## संतों का मिला सानिध्य

श्रीराम कथा में जगद्गुरु भगवान का पूज्य संत सुखानंद द्वाराचार्य जगद्गुरु स्वामी राघवदेवाचार्य जी महाराज, आचार्य रामचंद्र दास जी युवराज, दादा पगलानंद जी महाराज, गिरिजानंद जी महाराज, स्वामी रामबहादुर महाराज, चंद्रशेखरानंद जी महाराज, योगी राजेश दास, स्वामी सुरेन्द्र दास, का सानिध्य रहा।

## मंच पर हुए समरसता के दर्शन

कथा जिस समररसता के पावन उद्देश्य के लिए हो रही है, उसके सजीव दर्शन मंच पर हुए। ऐसा अवसर प्रथम बार देखने मिला कि किसी भी धार्मिक कथा या आयोजन में समरसता की अलख जगाते हुए सर्व समाज की सहभागिता हो। राज्यसभा सांसद सुमित्रा वाल्मीकी, विधायक सुशील तिवारी इंदु, अभिलाष पांडे, भाजपा जिला अध्यक्ष रत्नेश सोनकर, नगर निगम अध्यक्ष रिंकू विज, लेखराज सिंह मुन्ना, प्रो आशुतोष दुबे ने जगद्गुरु का पूजन किया। जगद्गुरु स्वामी रामभद्राचार्य जी के इक्षानुसार श्रीराम कथा आज सोमवार 6 अप्रैल को शाम 4 बजे से प्रारम्भ होंगी।



### राम को समझने के लिए चाहिए आठ सिद्धांत

महाराजश्री ने कहा कि परमात्मा श्रीराम को समझने के लिए आठ सिद्धांत चाहिए। ये हैं, व्याकरण उपमाना कोष, आप्तवाक्य व्यवहार, वाक्य शेष, विव्रति और सानिध्य। इन आठ सिद्धांतों के आधार पर हम सिद्ध पदों के अर्थ का निर्धारण करते हैं। वशिष्ठ ने श्रीभरत को अयोध्या कांड में बताते हुए कहा कि राम शब्द सिद्ध पद है। हमने इसे नहीं बनाया, अनादि काल से अपौरुषेय राम शब्द की व्याख्या कर रहे हैं। रा का अर्थ हैं देना और म का अर्थ हैं मंगल। तो जो भगवान सदा मंगल ही देते रहते हैं उनका नाम है राम। तभी उनके चरित का गायन मंगल भवन अमंगल हारी है। महाराज श्री ने गाइये गणपति जगवंदन, शंकर सुमन भवानी नंदन..स्तुति से कथा का श्रीगणेश किया। उनकी सरस मृदुल मीठी वाणी से गणपति स्तुति सुन श्रोता भाव विभोर हो गए। इसके उपरांत उन्होंने नीलांभुजग श्यामल कोमलांगं..नमामि रामं रघुवंश नाथम स्तुति से अपने आराध्य भगवान श्रीराम का स्मरण किया। और फिर श्रीगुरु चरण सरोज रज..कहते हुए गुरु वंदन किया।

### मानस को समझने संस्कृत आवश्यक

महाराजश्री ने कहा कि मानस को समझने के लिए संस्कृत पढ़ना आवश्यकता है। व्याकरण न समझने के कारण राम के उदात्त चरित के अर्थ का भी अनर्थ हो जाता है। उन्होंने कहा कि संस्कृत का प्रसार-प्रचार और विस्तार हो, इसके लिए वे चित्रकूट में संस्कृत संस्कृति गुरुकुलम की स्थापन कर रहे हैं। इसका भवन तैयार है, जिसका शुभारंभ वे आगामी 14 जनवरी को करेंगे। इससे पूर्व वे 6 माह के अज्ञात वास में रहकर चिंतन करेंगे। उन्होंने बताया कि भारतीय वैदिक संस्कृति की प्रत्येक विधा को इस गुरुकुल में पढ़ाया जाएगा। हम अपने छहो दर्शन, साहित्य न्याय, वैशेषिक, पूर्व मीमांशा और मानसजी, भागवतजी इस गुरुकुल में पढ़ाएंगे। यही नहीं संस्कृत के साथ विद्यार्थियों को अंग्रेजी का भी अच्छा अभ्यास कराएंगे, ताकि बटुक विदेशों में जाकर भारतीय वैदिक संस्कृति का प्रचार कर सकें। उन्होंने कहा कि इसके लिए संस्कारधानी से मुझे बहुत सहयोग चाहिए।

एक नजर में

## बड़ी महाकाली गढ़ाफाटक में भंडारा 7 अप्रैल को



**नवभारत,जबलपुर।** चैत्र नवरात्र पर्व के समापन उपलक्ष्य पर प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी श्री वृहत महाकाली महोत्सव समिति गढ़ा फाटक काली धाम में ९ दिन तक चले धार्मिक अनुष्ठानों के बाद 7 अप्रैल मंगलवार को काली धाम गढ़ाफाटक में दोपहर 12 बजे से भोजन भंडारे का आयोजन किया गया है। समिति के सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने भक्तों से उपस्थिति की अपील की गई हैं।

## पुरस्कार पाकर बच्चों के खिले चेहरे



**नवभारत,जबलपुर।** शासनोदय विद्या ग्रुप पाठशाला जैन बड़ा मंदिर हनुमानताल में महावीर स्वामी जी के जन्म कल्याणक महोत्सव की पावन बेला पर वार्षिक पुरूस्कार वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें बच्चों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पंचायत सभा अध्यक्ष कैलाश जैन और हनुमान ताल जैन मंदिर के अध्यक्ष राजेन्द्र कुमार जैन ,मम्मा बाल ब्रह्मचारी विभूति दीदी ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की शुरुआत की। मंच संचालन नीलम जड़ी बूटी और मिस्टर सुयश ने किया। वहीं विशेष सहयोग नमिता जैन सोनम जैन और मिस्टर आर्यन जैन ,विशेष जैन, मनु जैन का रहा। कार्यक्रम में करीब 50 बच्चों को सर्टिफिकेट प्रदान किए गए। पुरूस्कार पाकर बच्चों के चेहरे खिल उठे।



## उल्लेखनीय कार्य के लिए सुबोध कामरेड का सम्मान

**नवभारत,जबलपुर।** जैन नवयुवक सभा द्वारा जैन समाज में उल्लेखनीय योगदान के लिए सुबोध कामरेड को पिसनहारी तीर्थ में सम्मानित किया गया। इस मौके पर समाज के बड़ी संख्या में पदाधिकारियों व वरिष्ठजनों की उपस्थिति रही।



## भगवान परशुराम का जन्मोत्सव एवं उपनयन संस्कार 20 को

**जबलपुर, नवभारत।** संपूर्ण ब्राह्मण मंच भगवान परशुराम जन्मोत्सव एवं उपनयन संस्कार प्रतिवर्ष के अनुसार इस वर्ष भी अप्रैल माह में आयोजित होगा। रविवार को परशुराम धाम ग्वारीघाट में मां नर्मदा की पूजन के साथ भगवान परशुराम जी के आशीर्वाद से निशुल्क उपनयन संस्कार, मुंडन संस्कार कनछेदन संस्कार आयोजित किया जा रहा है जिसका रजिस्ट्रेशन पूर्णतया निशुल्क होगा सभी बंधुओ से एवं समाज के लोगो से अनुरोध है की जो भी उपनयन संस्कार करना चाहते हैं वह संपूर्ण ब्राह्मण मंच कार्यालय ब्रिज बाइक सेंटर कछपुरा मेंन रोड गढा रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं ।

## पुस्तक मेले में टीएलएम कबाड़ से किया जुगाड़



**नवभारत ,जबलपुर।** जिला प्रशासन द्वारा लगातार तीसरे बर्ष गोलबाजार स्थित शहीद स्मारक परिसर में आयोजित बारह दिनों के पुस्तक मेला में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने अपने अभिभावकों के साथ रियायती दर पर पाठ्य पुस्तकें यूनिफॉर्म कापियां और स्टेशनरी की खरीदी कर लाभान्वित हो रहे हैं। मेले में आयोजित सांस्कृतिक संध्या के साथ शुरू किया गया जिसमें जिला पंचायत उपाध्यक्ष विवेक पटेल द्वारा किया गया इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी घनश्याम सोनी, परियोजना अधिकारी योगेश शर्मा, एम हाजरा डी एस ओ और शिक्षा विभाग के अन्य अधिकारियों की उपस्थिति रही। विवेक पटेल जिला पंचायत उपाध्यक्ष द्वारा मेले का अवलोकन किया ।मेले में शिक्षा विभाग से इन्द्र सिंह राजपूत शिक्षक सूरतलाई द्वारा टी एल एम कबाड़ से जुगाड करके स्टाल लगाया गया है जिसमें शिक्षक और विद्यार्थियों को इसका लाभ मिल रहा है।

# अधिवेशन में होगा उत्कृष्ट कार्यों का सम्मान

**जबलपुर से 100 से अधिक सदस्य 10 अप्रैल को होंगे रवाना**

**दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन का 30वां राष्ट्रीय अधिवेशन**




**नवभारत,जबलपुर।** दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन के राष्ट्रीय महासचिव विनय-अनिता जैन के नेतृत्व में महाकोशल-विंध्य क्षेत्र से 100 से अधिक राष्ट्रीय, रीजन एवं ग्रुप पदाधिकारी सपत्नीक 10 अप्रैल को राजस्थान स्थित प्रसिद्ध चांदखेड़ी अतिशय जैन तीर्थ क्षेत्र में आयोजित 30वें राष्ट्रीय अधिवेशन में शामिल होने के लिए रवाना होंगे। प्रतिनिधिमंडल जबलपुर से दयोदय एक्सप्रेस द्वारा 10 अप्रैल की रात्रि प्रस्थान करेगा। इस संबंध में विस्तृत जानकारी राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी नितिन जैन द्वारा दी गई।

अधिवेशन में वर्ष 2025 के दौरान देशभर के 350 से अधिक दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप्स द्वारा किए गए उत्कृष्ट सामाजिक, धार्मिक एवं सेवा कार्यों के आधार पर राष्ट्रीय नेतृत्व द्वारा विभिन्न श्रेणियों में पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। इसके साथ ही सर्वश्रेष्ठ बैनर प्रेजेंटेशन, स्क्रैपबुक, नवाचार गतिविधियों सहित अन्य रचनात्मक प्रस्तुतियों का मूल्यांकन कर विजेताओं को सम्मानित किया जाएगा। विशेष रूप से, उत्कृष्ट योगदान देने वाले राष्ट्रीय, रीजन एवं ग्रुप स्तर के पदाधिकारियों को भी मंच पर सम्मान प्रदान किया जाएगा।

### सौंपी गईं जिम्मेदारियां

इस वर्ष 30वाँ राष्ट्रीय अधिवेशन फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोहर झाँझरी, महासचिव विनय जैन, कोषाध्यक्ष अश्विन कासलीवाल एवं निवर्तमान अध्यक्ष राकेश विनायका के नेतृत्व में आयोजित किया जा रहा है ।दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन द्वारा आयोजित 30वें राष्ट्रीय अधिवेशन (12 अप्रैल 2026, चांदखेड़ी) के सफल आयोजन हेतु राष्ट्रीय स्तर पर महत्वपूर्ण नियुक्तियाँ की गई है । राष्ट्रीय अध्यक्ष के निर्देश पर निम्नलिखित राष्ट्रीय कार्याध्यक्षों को कॉन्फ्रेंस प्रभारी नियुक्त किया गया है जिनमें सुरेंद्र कुमार पांड्या, सुशील पांड्या, यशकमल अजमेरा शामिल हैं। इसी क्रम में शिरोमणि संरक्षक पुष्पा-प्रदीप कासलीवाल एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोहर झांझरी के मार्गदर्शन में निम्नलिखित वरिष्ठ पदाधिकारियों को कॉन्फ्रेंस संरक्षक नियुक्त किया गया है जिनमें विमल अजमेरा, निर्मल सेठी, हेमचंद्र झांझरी, टी. के. वेद, हसमुख गांधी, राजेश लॉरेल, कमलेश कासलीवाल शामिल हैं।



## निशान साहिब के साथ बैसाखी महापर्व का शानदार आगाज

**नवभारत,जबलपुर।** उपनगरीय क्षेत्र स्थित गुरुद्वारा जी. सी.एफ. में साध संगत द्वारा कारसेवा के साथ श्रद्धापूर्वक बसन्ती निशान साहिब लहराया गया । इसके साथ ही 10 दिवसीय बैसाखी महापर्व का शानदार आगाज हुआ ।रागी जत्था भाई इंदर सिंह, अधारताल ने सरस गुरुवाणी शबद कीर्तन पेश किया। 13 एवं 14 अप्रैल को यहां धूमधाम के साथ बैसाखी महापर्व मनाया जाएगा।

जिसमें श्री दरबार साहिब अमृतसर के हुजूरी रागी जत्था भाई गगनदीप सिंह, ढाड्डी जत्था भाई लवप्रीत सिंह जोश एवं गुरुवाणी मीमांसक ज्ञानी सुखबिंदर सिंह लुधियाना आदि शिरकत करेंगे। प्रधानसाहब एम.एस. नागी ने आभार व्यक्त किया इस मौके पर प्रबन्धक कमेटी के मलकीत सिंह, हरनेक सिंह, रणधीर सिंह, गुरविंदर सिंह, खुशमीत सिंह सेंगर गुरदीप सिंह, प्रितपाल सिंह, अवतार सिंह, अमर सिंह, तेजा सिंह, स्वर्ण सिंह एवं अमरसिंह सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने मत्था टेक कर गुरु का लंगर ग्रहण किया ।बताया गया कि यहां पर 1941 से लगातार बैसाखी महापर्व का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम का संचालन महासचिव परमदीप सिंह मैनी ने किया। उधर नगर का मुख्य आयोजन गुरुद्वारा प्रेमनगर में 14 अप्रैल को मनाया जाएगा। इसके पूर्व 12 अप्रैल को यहां प्रात: 6 बजे नगर कीर्तन प्रभातफेरी निकाली जाएगी और 9.30 बजे तक निशान साहिब लहराया जाएगा।



## डॉ. स्वामी नृसिंहदेवाचार्य बने अखिल भारतीय सन्त समिति के अध्यक्ष

**नवभारत,जबलपुर।** रविवार को अखिल भारतीय संत समिति की केंद्रीय बैठक नासिक में आयोजित हुई जिसमे पूरे देश से पधारे हुए जगतगुरु शंकराचार्य महंत श्री महंत मंडलेश्वर महामंडलेश्वरों एवं सभी संप्रदायो के मध्य जबलपुर से श्रीमद् जगदगुरू डॉ स्वामी नरसिंहदेवाचार्य महाराज को आखिल भारतीय संत समिति मध्यप्रदेश का अध्यक्ष बनाया गया ।देश के सभी संतो ने सर्वसम्मति से अपनी करतल ध्वनि से सहमति प्रदान कर बधाईया देकर खुशियाँ मनाई एवं माल्यार्पण किया। अ.भा.स. समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष सक्षम कुबेराचार्य अविचल देवाचार्य जी महराज, अ. भा. स. समिति के राष्ट्रीय महामंत्री दण्डीस्वामी जितेन्द्रानन्द सरस्वती महराज इस अवसर पर प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष महंत अनिलानंद महाराज (प्रदेश महामंत्री) महत हनुमान दास प्रदेश संयोजक महामंडलेश्वर स्वामी पुरुषोत्तमदास प्रदेश उपाध्यक्ष स्वामी नरसिंह दास महंत स्वामी बालक दास एवं सभी देशों से पधारे पूज्य संतो के उपस्थिति में पूज्य महराज श्री को मध्य प्रदेश के अध्यक्ष के पद पर सुशोभित किया गया श्री सनातन धर्म महासभा नरसिंह मंदिर गीताधाम परिवार तथा संस्कारधानी की सभी धार्मिक मन्दिर, सामाजिक संस्थाओं की ने हर्ष व्यक्त किया है।

## संत अलॉयसियस महाविद्यालय से इनोवेटिव आइडियाज का हुआ चयन

**जबलपुर, नवभारत।** संत अलॉयसियस महाविद्यालय स्वशासी जो कि सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग मंत्रालय का नोडल केन्द्र है, में अगस्त 2025 में एमएसएमई आइडियाथॉन 5.0 का आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता समस्त भारत में एक साथ आयोजित होती है, जिसमें महाविद्यालय से दो आइडियाज कमश : विन बिन एवं स्मार्ट स्विच बीएलडीसी को चयनित करते हुए 15 लाख एवं 4 लाख रूपयों की ग्रांट दी गई। मध्यप्रदेश से चयनित कुल 24 आइडियाज में से जबलपुर से केवल दो आइडियाज चयनित हुए। यह कार्य गौरव गोयल, असिस्टेंट डायरेक्टर एमएसएमई डीएफओ इन्दौर के मार्गदर्शन में सफल हो सका है। महाविद्यालय के चेयरमैन बिशप डॉ. जे.जी वल्लन अरासू एवं प्रधानाचार्य डॉ. फा. जे. बेन एन्टोन रोज ने विजेताओ तथा सक्षम कौशिक वैष्णवी, पुस्कर गुप्ता युवराज मेहता, प्राप्ति दीक्षित को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ प्रदान की।


## 120 को आईगॉट पोर्टल का प्रशिक्षण, तकनीकी बारीकियां सिखाईं

**नवभारत, जबलपुर।** राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम मिशन कर्मयोगी के अंतर्गत पुलिस विभाग में कार्यकुशलता और तकनीकी दक्षता बढ़ाने के उद्देश्य से प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय सीखें सप्ताह- साधना सप्ताह 2026 के तहत आयोजित इस कार्यक्रम में पुलिस लाइन के 120 अधिकारी एवं कर्मचारियों ने सहभागिता की।

यह प्रशिक्षण कार्यक्रम रक्षित निरीक्षक जय प्रकाश आर्य के मार्गदर्शन में पुलिस कंट्रोल रूम में संपन्न हुआ। प्रशिक्षण का मुख्य केंद्र बिंदु आईगॉट कर्मयोगी पोर्टल पर उपलब्ध 5 अनिवार्य पाठ्यक्रमों को सफलतापूर्वक पूर्ण करना रहा। सीसीटीएनएस



प्रभारी सुनील दुबे एवं सूबेदार सुश्री रूमा तेकाम द्वारा उपस्थित पुलिस बल को डिजिटल लर्निंग की बारीकियों से अवगत कराया गया। प्रशिक्षण के दौरान एप्लीकेशन को डाउनलोड एवं इंस्टॉल करना, पोर्टल पर सुगम लॉग-इन प्रक्रिया, ऑनलाइन वीडियो कोर्स को सर्च करना और उन्हें देखना,कोर्स पूर्ण होने के पश्चात डिजिटल सर्टिफिकेट जनरेट करना सिखाया गया। प्रशिक्षण सत्र के दौरान पोर्टल की उपयोगिता और पुलिसिंग में आधुनिक पाठ्यक्रमों के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। बताया गया कि डिजिटल माध्यम से सीखना न केवल व्यक्तिगत विकास के लिए आवश्यक है, बल्कि इससे विभागीय कार्यप्रणाली में भी पारदर्शिता और गति आएगी।



## झारिया कल्याण संघ की बैठक आयोजित

**युवा प्रकोष्ठ की नवीन कार्यकारिणी का हुआ गठन**

**जबलपुर, नवभारत।** झारिया कल्याण संघ जबलपुर की मासिक बैठक शनिवार 5 मार्च को गढ़ा बाजार सामुदायिक भवन जबलपुर में संपन्न हुई जिसमें युवा प्रकोष्ठ की नवीन कार्यकारिणी का गठन हुआ। इसमें अध्यक्ष बलराम झारिया, कार्यवाहक अध्यक्ष गोलू झारिया, उपाध्यक्ष देवांशु झारिया, महासचिव अमित मेहरा कोषाध्यक्ष गौरव झारिया, सचिव पवन झारिया, सह सचिव गुलाब झारिया, राजा झारिया, प्रचार प्रसार सचिव सत्यम मेहरा चुने गए। डा. एन.पी. झारिया ने पदाधिकारियों को पद की शपथ दिलाई और उनसे आव्हान किया की 26 अप्रैल को स्थानीय मानस भवन जबलपुर में होने वाले झारिया मेहरा समाज के सामाजिक सम्मेलन में अधिक से अधिक संख्या में लोगों को जोड़ने का कार्य करें और समाज को दिशा प्रदान करने में अग्रणी भूमिका निभाएं।

### इनकी रही उपस्थिति

इस अवसर पर झारिया कल्याण संघ के अध्यक्ष डॉ. एन. पी. झारिया, वरिष्ठ संरक्षक गणेश सिंह झारिया, उपाध्यक्ष अजय झारिया, महासचिव मथुरा झारिया, भगवत झारिया, राकेश झारिया, चंद्रप्रकाश झारिया, पत्रकार अजय झारिया, हरि मेहरा, शंकर लाल झारिया एवं बड़ी संख्या में युवाओं ने अपनी उपस्थिति दी।

महाअधिवेशन ▶ 46वें अधिवेशन के दूसरे दिन दहेज प्रथा, नशामुक्ति और महिला सशक्तिकरण जैसे मुद्दों पर हुआ गहन मंथन

# कुर्मी समाज के राष्ट्रीय महाधिवेशन में कुरीतियों के खिलाफ बुलंद हुई आवाज



**नवभारत,जबलपुर।** अखिल भारतीय कुर्मी क्षत्रिय महासभा के तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय 46वें राष्ट्रीय महाधिवेशन दाऊ मैरिज गार्डन, महाराजपुर बायपास में संपन्न हुआ। महाधिवेशन के दूसरे दिन मुख्य वक्ता सांसद लता वानखेड़े रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रीय अध्यक्ष बी एस निरंजन ने की। कार्यक्रम की शुरुआत कुर्मी गीत और अतिथियों के स्वागत के साथ हुई। अधिवेशन में सबसे पहले समाज से आए सभी पुरोहितों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में स्वागत भाषण प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री मध्य प्रदेश शासन रामखेलावन पटेल ने दिया, जिसके बाद प्रदेशों से पधारे सभी अतिथियों का संक्षिप्त परिचय देते हुए उनका स्वागत किया गया ।अधिवेशन में विभिन्न विषयों जैसे फ़िरका परस्ती तोड़ो, क्षेत्रीयता की बात छोड़ो, एक राज्य से दूसरे राज्य में स्वजातीय में बिना दहेज के रोटी-बेटी का रिश्ता जोड़ो, प्रजातांत्रिक राजनीतिक विकास समाज की धुरी, कन्या भ्रूण हत्या मिटाओ, कन्या बचाओ अभियान चलाओ, दहेज प्रथा का बहिष्कार करो, बहू की बेटी का दर्जा दिलाओ, समाज विकास में महिला युवा एवं छात्र-छात्राओं का योगदान सहित नशा मुक्त समाज का निर्माण करने के साथ मृत्यु भोज एवं फिजूल खर्ची आर्थिक विकास में बाधक सहित विभिन्न विषयों पर विचार मंथन किया गया। कार्यक्रम में कुर्मी क्षत्रिय समाज जिला जबलपुर की टीम का भी स्वागत किया गया, जिन्होंने दिन रात मेहनत करके इस राष्ट्रीय अधिवेशन को सफल बनाया है।

### इनकी रही भागीदारी

कार्यक्रम में समाज के राष्ट्रीय संरक्षक एल पी पटेल, राष्ट्रीय महिला अध्यक्ष लता ऋषि चंद्राकर, युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष धीरज पाटीदार, प्रदेश संरक्षक एवं भाजपा ग्रामीण जिलाध्यक्ष राजकुमार पटेल, प्रदेश युवा संगठन अध्यक्ष तेज प्रताप गौर, जिलाध्यक्ष कुर्मी विवेक चौधरी, महासचिव कैप्टन ओमप्रकाश सचान, कोषाध्यक्ष राममिलन पटेल, प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेश पटेल, राजेश पटेल, युवा संगठन अध्यक्ष शैलेंद्र पटेल, आशीष पटेल, कॉर्डिनेटर रंजीत पटेल, आशीष पटेल, दिनेश पटेल, आदेश पटेल, मोनू पटेल, राहुल पटेल, पवन पटेल, धनेश पटेल, दशरथ पटेल, जयप्रकाश पटेल सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे।